हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 7 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35.5 डिग्री
न्यूनतम 13.7 डिग्री

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू 11



आर्य समाज ने देश को हर स्तर से मजबूत किया... 12



## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की घटना मे संलिप्त आरोपित गांव भावड़ निवासी जगदीश पुत्र जिले सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। 25 फरवरी को जिला सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने थाना बरोदा मे शिकायत दी कि उक्त आरोपित ने उसकी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना को लेकर भारतीय न्याय संहिता व पोक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत थाना बरोदा मे अभियोग अंकित किया गया था। इस घटना में थाना बरोदा की अनुसंधान टीम मे नियुक्त उप निरीक्षक उदय ने अपनी पुलिस टीम के साथ नाबालिग लडक़ी के मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई।

### वाहन की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**गन्नौर।** गुमड़ गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक के भाई ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत के अनुसार गांव शेखपुरा निवासी 45 वर्षीय सत्येंद्र सिंह 4 मार्च को शाम अपनी बाइक पर गन्नौर से घर लौट रहा था। जब वह गांव गुमड़ के नजदीक पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन व आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत उपचार के लिए सरकारी अस्पताल गन्नौर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें खानपुर मेडिकल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### डिलिवरी बॉय के पार्सल चुराने वाला गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 सोनीपत की पुलिस ने डिलिवरी बॉय की मोटरसाइकिल से पार्सल चोरी करने के मामले में संलिप्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान हेमंत निवासी गांव मेहराना जिला झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार 25 जनवरी 2026 को साबुन दरवाजा निवासी मनोज ने थाना सेक्टर-27 में शिकायत दी थी कि वह फ्लिपकार्ट कंपनी में डिलिवरी बॉय के रूप में कार्य करता है। 24 जनवरी को वह कंपनी से पार्सल लेकर सुपरमैक्स सोसाइटी में डिलवरी करने गया था। ए, बी, सी और डी ब्लॉक में पार्सल देने के बाद उसने अपनी मोटरसाइकिल ई ब्लॉक के नीचे कैमरे के सामने खड़ी कर दी और 12वीं मंजिल पर पार्सल देने चला गया। वापस आने पर मोटरसाइकिल का कोरियर बैग खुला मिला और उसमें से छह पार्सल गायब थे।

देश की सबसे बड़ी परीक्षा में चयन होने पर युवाओं के परिजन चहके, बधाई देने वालों का तांता

# यूपीएससी में जिले के होनहार बच्चों ने गाड़े सफलता के झंडे

**सोनीपत।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी किया। जिसमें जिले के बेटों ने जहां अपनी कामयाबी का डंका बजाया। वहीं बेटियों ने भी परीक्षा में परिवार का मान बढ़ाया। रिजल्ट आने के बाद युवाओं के घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। परीक्षा में शहर के सेक्टर-23 निवासी मानसी डागर ने 137वां रैंक हासिल किया। वेस्ट रामनगर के वैभव भारद्वाज ने 344वां रैंक तो गांव मुरथल के अमन ने 731वां रैंक प्राप्त कर परिवार के साथ जिले का मान बढ़ाया। पंचम नगर के आशीष ने पांचवें प्रयास में 592वां रैंक हासिल किया। वहीं गोहाना के संदेश जैन को परीक्षा में 161वां और इशिता शर्मा ने 268वां रैंक मिला।

## मानसी डागर ने सेल्फ स्टडी से पाई सफलता, दूसरे प्रयास में 137वां रैंक



■ पहले प्रयास में प्री क्लीयर न होने पर हिम्मत नहीं हारी, प्रतिदिन आठ घंटे की पढ़ाई

मूलरूप से सोनीपत के गांव बांगड़ू व फिलहाल सेक्टर-23 निवासी मानसी डागर ने अपने दूसरे प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा में 137वां रैंक हासिल कर जिले व परिवार का नाम रोशन किया है। मानसी डागर की खास बात यह है कि इन्होंने अपने घर पर रहकर सेल्फ स्टडी कर इन मुकाम को पाया है। मानसी ने यूपीएससी के लिए कही से कोई प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया, जबकि इंटरनेट के सहारे इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर सोनीपत के नाम को चार चांद लगाए हैं। मानसी बताती हैं कि उनका उद्देश्य बड़े औधे पर रहकर समाजसेवा करना है। समाज के वंचित व आर्थिक वर्ग का सहयोग करना है। वह हर चीज व स्थिति कानूनी हिसाब से देखना चाहती हैं। मानसी डागर भारतीय वन सेवा की मेन्स परीक्षा, राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) व इंजीनियरिंग में स्नातक योग्यता परीक्षा (गेट) की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुकी हैं।मानसी डागर ने बताया कि अपने पहले प्रयास में वह प्री क्लीयर नहीं कर पाई। यही से उनकी जिंदगी ने नया मोड़ लिया और वह 2 साल से रोजाना करीब 8 घंटे पढ़ाई करने लगी। परीक्षा के दौरान उन्होंने पढ़ने का दायरा बढ़ाते हुए रोजाना 10 से 12 घंटे तक पढ़ाई की। इस दौरान उन्होंने अपनी रिश्तेदारियों, विवाह समारोह व अन्य कार्यक्रमों से भी दूरियां बनाए रखी। इसी का परिणाम है कि आज वह इस मुकाम तक पहुंची हैं। टीसीएस में इंजीनियर के पद पर कार्यरत मानसी के पिता राजीव डागर ने बताया कि उनकी बेटी ने कक्षा 10वीं व 12वीं की पढ़ाई शंभू दयाल मॉडर्न स्कूल से की। कक्षा 10वीं मे मानसी ने 10 सीजीपीए रैंक हासिल की, जबकि 12वीं में 93.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके बाद मानसी डागर ने मीरांडा हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय से भौतिकी में स्नातक की डिग्री हासिल की। वह मीरांडा हाउस के भौतिकी विज्ञान की स्वर्ण पदक विजेता भी हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय से ही मानसी ने भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। स्नातक में मानसी ने 93 प्रतिशत व स्नातकोत्तर 77.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। यूपीएससी के लिए भौतिकी को मानसी ने वैकल्पिक विषय के रूप में चुना।

## वैभव भारद्वाज का बारहवीं से था लक्ष्य, तीसरे प्रयास में 344वां रैंक



■ सेल्फ स्टडी से मिली बड़ी कामयाबी, बड़ी बहन का मार्गदर्शन काम आया

सोनीपत के वैस्ट रामनगर निवासी वैभव भारद्वाज ने अपने तीसरे प्रयास यूपीएससी की परीक्षा में 344वां रैंक प्राप्त कर परिवार व जिले का मान बढ़ाया। इस सफलता को हासिल करने में उनके परिवार का हर कदम पर साथ मिला। अब वह एक उच्च अधिकारी के रूप में लोगों की सेवा करना चाहते हैं। वैभव ने बताया कि वर्ष 2021 से यूपीएससी करना उनके जीवन का लक्ष्य था। हालांकि 344वां रैंक मिलने के बाद उनका मन पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। वह आगे रैंक में सुधार लाने का प्रयास भी कर सकते हैं। यूपीएससी की परीक्षा के तीन प्रयास में उन्होंने कभी किसी संस्थान से प्रशिक्षण नहीं लिया। अपनी मेहनत के बलबूते और बड़ी बहन सीए रितिका शर्मा के मोटिवेशन से उन्होंने इस कामयाबी को हासिल किया। वैभव भारद्वाज ने बताया कि पहले प्रयास में वह प्री क्लीयर नहीं कर पाए, जबकि दूसरे प्रयास में मेन्य क्लीयर न कर पाना उनकी सफलता में बाधा बने। तीसरे प्रयास में उन्होंने करीब 12 घंटे की सेल्फ स्टडी से अपने लक्ष्य को हासिल किया। जिला न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत जयभगवान ने बताया कि उनके बेटे वैभव ने कक्षा 10वीं की पढ़ाई हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, न्यू कोर्ट रोड से पूरी कर 10 सीजीपीए रैंक हासिल की। कक्षा 12वीं डीएवी मल्टीपरपज स्कूल, सेक्टर-15 से कर 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके बाद वर्ष 2022 में दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से इतिहास विषय में स्नातक की डिग्री हासिल कर 7.9 सीजीपीए रैंक हासिल की। वर्ष 2024 में दिल्ली के हिंदू कॉलेज से ही मॉडर्न इतिहास विषय से स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त कर 73 प्रतिशत अंक हासिल किए। वैभव ने अपने यूपीएससी के लक्ष्य को पाने के लिए स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई के साथ रोजाना करीब 7-8 घंटे पढ़ाई को दिए। इसके बाद इंटरनेट पर ऑनलाइन कोचिंग से रोजाना 9 से 10 घंटे तक पढ़ाई की। इस दौरान वैभव ने रिश्तेदारियों, विवाह समारोह व अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने में भी रूचि नहीं दिखाई।

## अमन तीन साल से तैयारी कर रहे थे, 731वां स्थान मिला



मूलरूप से सोनीपत के गांव मुरथल व फिलहाल पानीपत रह रहे सिंचाई विभाग की सनौली सब डिविजन में तैनात एसडीओ सतीश के बेटे अमन ने अपने तीसरे प्रयास में 731वां रैंक हासिल कर माता-पिता का नाम रोशन किया। अमन ने अपनी सफलता का श्रेय एयरफोर्स से सेवानिवृत्त दादा सुल्तान सिंह को दिया है। अमन फिलहाल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) डिफेंस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी तैनाती अरुणाचल में है। अमन के पिता सतीश ने बताया कि उनका बेटा 3 साल से यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। पढ़ाई के लिए समय नहीं मिल पाने के कारण पहले प्रयास में मेन्स तो दूसरे प्रयास में इंटरव्यू में पीछे रहा। अब तीसरे प्रयास में अमन ने परिवार का नाम रोशन किया है। पिता ने बताया कि अमन ने कक्षा 8वीं की पढ़ाई करनाल के टैगोर स्कूल, 10वीं सोनीपत के सत्यम स्कूल व 12वीं की पढ़ाई हिंदू विद्यापीठ से पूरी की। इसके बाद अमन ने दिल्ली टैक्नीकल यूनिवर्सिटी से बीटेक किया।

## आशीष ने पांचवें प्रयास में 592वां रैंक



पंचम नगर निवासी आशीष ने पांचवें प्रयास के बाद यूपीएससी की परीक्षा में 592वां रैंक हासिल कर परिवार व जिले का नाम रोशन किया है। आशीष ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता, भाई व मेंटर दिया। आशीष ने बताया कि उन्होंने बिना किसी संस्थान से प्रशिक्षण लिए इस मुकाम को हासिल किया है। निरंतर अभ्यास व लगन ही उनकी सफलता की कुंजी है। आशीष ने बताया कि उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए रोजाना 10 से 12 घंटे तक पढ़ाई की। इस दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। केवल टेस्ट सीरीज व एनसीईआरटी की किताबों के सहारे यह कामयाबी पाने में सफलता हासिल की। उनके पिता हरियाणा पुलिस में एसआई के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बचपन में ही उन्हें यूपीएससी के बारे में बताया था, इसके बाद आशीष ने यूपीएससी को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था। उन्होंने पिता को कामयाबी का श्रेय दिया।

# गोहाना के संदेश जैन व इशिता शर्मा का चयन

**गोहाना।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ऑल इंडिया सिविल सर्विस की परीक्षा में गोहाना के संदेश जैन और इशिता शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी सफलता का डंका बजाया। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन से इन दोनों के परिवारों में खुशी का माहौल है। लोग बधाई देने पहुंच रहे है।

## संदेश जैन ने परिवार को दिया श्रेय, परीक्षा में 161 रैंक मिला

संदेश जैन गोहाना शहर की राम गली के निवासी संदीप उर्फ बिट्टू जैन के पुत्र हैं। यूपीएससी की परीक्षा में उनकी ऑल इंडिया रैंक 161 है। उन्होंने पहली बार में ही यह परीक्षा उतीर्ण करने में सफलता प्राप्त की। संदेश जैन ने कक्षा 11वीं व 12वीं की शिक्षा नई दिल्ली में आरके पुरम स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से प्राप्त की। इससे पहले कक्षा छठी तक बाल भारती विद्यापीठ और 7वीं से 10वीं तक नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा ग्रहण की। वह दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर साइंस से बीटेक हैं। उनके पिता संदीप जैन की गोहाना में निवार की फैक्टरी है और मां रेणु जैन हैं। संदेश जैन ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, दादी त्रिशला जैन पत्नी स्व. जयकरण जैन के साथ जैन संत सुनील मुनि को दिया। जैन संत सुनील मुनि सांसारिक रिश्ते में उनके ताऊ हैं। संदेश जैन यूपीएससी की ओर से जारी परिणाम के बाद सबसे पहले पूरे परिवार के साथ सुनील मुनि का आशीर्वाद लेने उनके पास पहुंचे।

## इशिता शर्मा कम्प्यूटर साइंस से बीटेक, ऑल इंडिया रैंक 268



यूपीएससी परीक्षा में गोहाना के सेक्टर-7 की निवासी बेटी इशिता शर्मा की ऑल इंडिया रैंक 268 है। वह अर्थशास्त्र में पीजीटी हैं। इनके पिता हंसराम शर्मा व मां निर्मल दोनों शिक्षक हैं। इशिता शर्मा ने सिविल सेवा की परीक्षा को तीसरे प्रयास में उतीर्ण किया। इशिता शर्मा ने प्रारंभिक शिक्षा से कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई गीता विद्या मंदिर से पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी यानी डीटीयू में कम्प्यूटर साइंस से बीटेक करने के लिए प्रवेश प्राप्त किया। चार भाई-बहनों में इशिता शर्मा सबसे बड़ी बहन हैं। उनसे छोटी बहन निशिता शर्मा आयरलैंड में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। तीसरे नंबर पर यशिका शर्मा हैं। वह रूड़की स्थित आईआईटी में द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। तीन बहनों का इकलौता भाई शिवम शर्मा एमएस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं की पढ़ाई कर रहा है। इशिता शर्मा की सफलता पर भाजपा नेता कुलदीप कौशिक ने अपने सहयोगियों के साथ उन्हें बधाई दी। कुलदीप कौशिक ने इशिता को मिठाई खिलाकर अपनी शुभकामनाएं दी।

# भटगांव में जसबीर पर कातिलाना हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

■ दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी पुलिस

■ आरोपियो ने टांगें व हाथ तोड़ा, सिर पर तलवार से वार किया

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत की पुलिस ने लाठी, डंडों, तलवार और बर्फ तोड़ने वाले सुएं से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाने के मामले में तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान तुषार निवासी गांव भटगांव जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार 29 जनवरी 2026 को गांव भटगांव निवासी जसबीर ने शिकायत दी थी कि 28 जनवरी की शाम करीब 5:42 बजे राकेश उर्फ लाखू उसे अपने खेत में बुलाकर ले गया। दोनों खेत में बने कोठड़े पर बैठे थे। इसी दौरान तुषार करीब 15-20 युवकों के साथ वहां पहुंचा। इसके बाद अनिल, मोहित, दीपक, दिपु और अन्य लोगों ने मिलकर जसबीर पर लाठी, डंडों, लोहे की रॉड, तलवार और बर्फ तोड़ने वाले सुएं से हमला कर दिया। हमले में आरोपितों ने जसबीर की दोनों टांगें और एक हाथ तोड़ दिया तथा सिर पर तलवार से वार किया। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

इस संबंध में थाना सदर सोनीपत में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच कर रही पुलिस टीम ने पहले ही दो आरोपितों अनिल और मोहित को गिरफ्तार कर लिया था।

# बुजुर्ग महिला को जलाने के मामले की जांच तेज

■ चारपाई पर सो रही थी तभी कांच की जलती हुई बोतल बिस्तर पर गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव कथूरा में बुजुर्ग महिला को जिंदा जलाने की कोशिश करने की घटना में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आरोप है कि युवकों ने पेट्रोल से भरी बोतल में आग लगाकर फेंकी थी, जिससे वह झुलस गई थी। महिला का पीजीआईएमएस रोहतक में उपचार चल रहा है। उसकी शिकायत पर बरोदा थाना में नौ ग्रामीणों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। गांव कथूरा की राजो ने पुलिस को शिकायत दी कि उसके पति की करीब 14 साल पहले मृत्यु हो चुकी है और वह घरेलू काम करके अपने परिवार का पालन-पोषण करती है। उसके तीन बेटे हैं, जिनमें से दो शादीशुदा हैं जबकि सबसे छोटा बेटा सोनू अविवाहित है। चार मार्च को दुल्हेंडी के दिन गली में कुछ युवक शराब पीकर शोर मचा रहे थे। उसी दौरान रोहित शराब के नशे में उनके घर में घुस आया, जिसे उसके बेटे सोनू ने टोका। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज हुई, लेकिन बाद में मामला शांत हो गया। रात को खाना खाने के बाद पूरा परिवार सो गया था। वह खुद बरामदे में बाहर चारपाई पर सो रही थी। इसी दौरान अचानक ऊपर से कांच की एक जलती हुई बोतल उसकी चारपाई पर आकर गिरी। बोतल में पेट्रोल होने का शक है, जिससे चारपाई और बिस्तर में आग लग गई और वह झुलस गई।

महिला का आरोप है कि इस घटना में प्रदीप नरवाल का हाथ हो सकता है। उसके साथ विजय, रोहित, साहिल, आशिष, पुनित, अजीत, दीपक और शुभम ने योजना बनाकर यह काम किया। उसने बताया कि ये युवक पिछले करीब चार साल से उसके बेटे सोनू को जान से मारने की कोशिश कर रहे हैं। गांव में लाइब्रेरी में शराब पीने से रोकने पर विवाद शुरू हुआ था, जिसको लेकर आरोपित रंजिश रखे हुए हैं। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम की प्राथमिक जांच में सामने आया कि बोतल में पेट्रोल की जगह डीजल था। बरोदा थाना प्रभारी धर्मवीर ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है और आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## दुबई से सकुशल लौटे दहिया दंपति, बताया गल्फ कंट्री का ताजा हाल

24 फरवरी को दुबई गए थे, 28 को आसमान धमाकों से लाल हो गया

# रौनक बोले- पत्नी के साथ बाजार में घूम रहा था, अचानक ईरान से ड्रोन हमले शुरू हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

■ दंपति के दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर परिवार ने ली राहत की सांस

ईरान इजरायल व यूएस के बीच छिड़े युद्ध के कारण अनेक भारतीय विभिन्न देशों में फंसकर रह गए थे। सिसाना निवासी रौनक दहिया भी दुबई में फंस गए थे। वह हनीमून मनाने 24 फरवरी को पत्नी के साथ दुबई पहुंचे थे। रौनक ने बताया कि दुबई में 28 फरवरी तक सब कुछ सामान्य चल रहा था, वह दुबई में घूम रहे थे। अचानक माहौल खराब हो गया और ड्रोन से हमले शुरू हो गए। यह अलग बात है कि अधिकतर ड्रोन को आकाश में ही मार गिराया गया। इसके बावजूद कुछ ड्रोन वहां की इमारतों पर गिरे। जिससे लोगों को भय व्याप्त हो गया।

वह अपनी पत्नी के साथ जिस होटल में ठहरे थे उसके आसपास हुए जोरदार धमाकों ने लोगों को भयभीत कर दिया। ऐसे कठिन समय में वहां के लोगों ने उनकी मदद करके उन्हें काफी राहत के साथ हौसला भी बढ़ाया। इस बीच उनके पिता रोहतास दहिया लगातार उनके संपर्क में रहे। जब वह पति-पत्नी दोनों सुरक्षित घर वापस लौटे तो परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।



**खरखौदा।** रौनक दंपति को हवाई अड्डे पर लेने पहुंचे माता-पिता।

### जिस होटल में वह रुके थे, उन्होंने कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया

दुबई के शासन व प्रशासन का रवैया सभी लोगों के प्रति काफी अच्छा था। उन्हें 2 मार्च को ही घर वापस लौटना था, लेकिन फ्लाइट बंद होने के बाद वह वहां फंस कर रह गए थे। जिस होटल में वह रुके हुए थे उन्होंने कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया और उनका काफी सहयोग किया। उनके पिता रोहतास दहिया बताते हैं कि हाल ही में रौनक की शादी हुई है। दोनों पति-पत्नी हनीमून के लिए गए थे। उन्होंने परमात्मा व सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस तरह देश के अनेक बच्चे सुरक्षित भारत पहुंचे हैं। उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। परिवार के लोगों ने भी राहत की सांस ली।

# रिधम ने कुश्ती में रजत पदक जीता



**खरखौदा।** मनोदेव स्कूल पिपली, खरखौदा की कक्षा 7 की छात्रा रिधम ने कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। मुंगेशपुर में हुई स्पर्धा में उसने यह उपलब्धि अर्जित की है। रिधम ने प्रतियोगिता में अंडर 70 किग्रा भार वर्ग में अपने दमदार खेल और मेहनत से सभी का ध्यान आकर्षित किया। दूसरे स्थान पर आने के साथ उन्हें 5100 रुपए की नकद पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। रिधम की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रधानाचार्या भावना ने खिलाड़ी को जमकर सराहा व शुभकामनाएं दी।

# जीवीएम का हैंडबॉल में शानदार प्रदर्शन



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने इंटर कॉलेज गर्ल्स हैंडबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया है। छात्राओं ने अपने बेहतरीन और शानदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता में जीवीएम कॉलेज को तीसरा स्थान दिलाया। कॉलेज छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रधान डा. ओपी परूथी और प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। हैंडबॉल प्रतियोगिता में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की टीम में शामिल छात्राओं में सिमरन, कोमल, तनिषा, दिव्या, शिवानी त्यागी, वंदना, वैष्णवी, प्राची, शिवांशी, शिवानी धाकड़, अतीका, कीर्ति और मीनू शामिल रहीं।



# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

## लाइफ Style



# जान्हवी
## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।

## हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला



# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। SVF एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित,




'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।

# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

## सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्त्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

**खबर संक्षेप**



## पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी चमके

**सोनीपत।** एशियन ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित ओलंपियाड में पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। स्कूल में विशेष समारोह का आयोजन कर एशियन ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व सर्टिफिकेट देकर किया गया पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया, उप प्रधानाचार्य वरुण व डायरेक्टर एकेडमिक्स कृष्ण कुमार ने विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 40 गुमशुदा मोबाइल फोन मालिकों को लौटाए



**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने साइबर सेल की मदद से गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद करने के विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 40 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। बरामद किए गए मोबाइल फोन की कुल बाजार कीमत लगभग दस लाख रुपये बताई जा रही है। इन मोबाइल फोनों में विभिन्न कंपनियों के स्मार्टफोन शामिल हैं। मोबाइल फोन बरामद होने के बाद शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त राजदीप मोर ने सीईआईआर पोर्टल और विभागीय जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद फोन मालिकों को बुलाकर उनके मोबाइल उन्हें सौंपे।

## बोर्ड परीक्षाएं : 8443 विद्यार्थियों ने दी इतिहास व जीव विज्ञान की परीक्षा

# फरमाना-3 केंद्र पर नियुक्त पर्यवेक्षक को कोताही बरतने पर किया कार्यभार मुक्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत/गोहाना**

जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। एचबीएसई की ओर से बनाए गए 67 केंद्रों पर शुक्रवार को कक्षा 12वीं के पंजीकृत 8586 विद्यार्थियों में से 8443 ने इतिहास व जीव विज्ञान विषय का पेपर दिया, जबकि 143 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान गोहाना के गांव कटवाल में बने परीक्षा केंद्र के बाहर नकल कराने का एक हाई-प्रोफाइल मामला सामने आया। बोर्ड चेयरमैन के स्पेशल आरएएफ (उड़नदस्ता) टीम ने तीन शिक्षिकाओं को मौके पर पर्चियां बनाते पकड़ा। बोर्ड के अधिकारियों की ओर से केंद्र अधीक्षक को कार्रवाई आदेश दिए गए। इसके अलावा जिले के सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं सीबीएसई की ओर से बने केंद्रों पर कक्षा 10वीं की पेंटिंग व 12वीं की पंजाबी विषय पर परीक्षा हुई।



**सोनीपत।** मुरथल अड्डा पर बने परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर चस्पा सूची में अपना रोल नंबर देखते विद्यार्थी।

### एचबीएसडी परीक्षा के अंतर्गत 67 केंद्र बनाए

इस वर्ष जिले में एचबीएसई के तहत 31104 तो सीबीएसई के अंतर्गत 20800 विद्यार्थी परीक्षाएं देकर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। एचबीएसई बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जिलाभर में 67 केंद्रों पर शुक्रवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की इतिहास व जीव विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। इस दौरान चेयरमैन की स्पेशल आरएएफ टीम को सूचना मिली थी कि कटवाल में बने परीक्षा केंद्र के बाहर एक कार में बैठकर कुछ लोग प्रश्नपत्र हल कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस व बोर्ड की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान कार में बैठी तीन महिला शिक्षिकाएं मोबाइल फोन व हस्तलिखित पर्चियों की मदद से पेपर हल करती हुई मिलीं। टीम ने उनके पास से मोबाइल फोन व कई हस्तलिखित पर्चियां बरामद की हैं। इसी स्कूल के कई छात्र उसी परीक्षा केंद्र में परीक्षा दे रहे थे।

### ड्यूटी में की लापरवाही

बोर्ड अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को अध्यक्ष विशेष आरएएफ उड़नदस्ते की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फरमाना-03 में बने परीक्षा केंद्र पर नियुक्त पर्यवेक्षक अनिल कुमार, पीटीआई, राजकीय उच्च विद्यालय, नकलोई व सोमबीर सिंह मलिक, पीआरटी, राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय छोटा खांडा को डयूटी में कोताही बरतने के चलते कार्यभार मुक्त कर दिया गया।

### केंद्र के अंदर पर्चियां पहुंचाने की हो रही थी कोशिश

आशंका जताई जा रही है कि शिक्षिकाएं बाहर बैठकर पेपर हल कर रही थीं और किसी माध्यम से अंदर परीक्षा दे रहे अपने छात्रों तक उत्तर पहुंचाने की कोशिश कर रही थीं। परीक्षा केंद्र की 300 मीटर परिधि में तीन शिक्षिकाओं के पास परीक्षा से संबंधित सामग्री व मोबाइल मिलने के कारण सभी संबंधितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश केंद्र अधीक्षक को दिए गए हैं। उधर शिक्षा विभाग के अधिकारियों व गठित उड़नदस्ता की 7 टीमों ने भी अन्य परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण किया। गनीमत रही कि कोई भी नकल का केस नहीं मिला।

### नकल रोकने के लिए विभाग सतर्क

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से शुक्रवार को कक्षा 12वीं की इतिहास व जीव विज्ञान विषय की परीक्षा रही। इस बीच गोहाना के गांव कटवाल में बने परीक्षा केंद्र के बाहर नकल कराने के प्रयास का मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच करवाई जा रही है। इसके अलावा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा संपन्न करवाई गई। नकल को रोकने के लिए बोर्ड के साथ जिला शिक्षा विभाग भी पूरी तरह सतर्क है।

*-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*



**गन्नौर।** सरपंच सुरेंद्र शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते समिति के सदस्य।

## गांव बेगा में ग्रामीण दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**गन्नौर।** गांव बेगा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सेवा समिति की ओर से ग्रामीण दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में गांव के सरपंच सुरेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में 400, 800 और 1600 मीटर दौड़ के मुकाबले कराए गए, जिनमें गांव के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



**गन्नौर।** राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में भ्रमण के दौरान छात्राएं।

## शैक्षणिक भ्रमण पर दिल्ली पहुंचीं जैन गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं

**गन्नौर।** जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन और राष्ट्रीय प्राणी उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं को देश की ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों के बारे में जानकारी दी गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिलता है। राष्ट्रपति भवन के भ्रमण के दौरान छात्राओं ने भवन की भव्यता, स्थापत्य कला और इसके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद छात्राओं ने राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में विभिन्न वन्य जीवों और पक्षियों को करीब से देखा। इस दौरान उन्हें पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के महत्व के बारे में भी अवगत कराया गया।

# आज के समय में अत्यंत आवश्यक हैं चैतन्य महाप्रभु की शिक्षाएं : बंसल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

- समाजसेवी अरुण बंसल ने श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल की कलश यात्रा में लिया भाग

समाजसेवी अरुण बंसल ने श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित पावन कलश यात्रा में श्रद्धापूर्वक भाग लिया। यह धार्मिक आयोजन ठाकुर जी की पालकी के साथ बड़े ही भक्ति और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह कलश यात्रा श्री राम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर टीकाराम कॉलेज रोड, मिशन चौक से होती हुई पुनः अग्रवाल धर्मशाला पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में भक्ति, भजन और कीर्तन का वातावरण बना रहा। उन्होंने कहा कि श्री चैतन्य महाप्रभु की शिक्षाएं प्रेम, भक्ति और मानवता का संदेश देती हैं, जिनका अनुसरण करना आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवी अरुण बंसल का स्वागत करते हुए।

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन कांग्रेस की प्राथमिकता : दीवान

- जोगी चौपाल में एक विशाल जनसभा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

शुक्रवार को वार्ड-17 स्थित जोगी चौपाल में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। पूर्व पार्षद कुलदीप खासा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने शिरकत की और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। जनसभा को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) कमल दिवान ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है, जिससे आम जनता के काम रुके हुए हैं। कमल दिवान ने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में केवल उन्हीं उम्मीदवारों को पार्षद और मेयर पद के लिए मैदान में उतारेगी, जो वास्तव में जनता के बीच रहकर काम करते हैं। उन्होंने वादा किया कि निगम में सत्ता संभालते ही सबसे पहले भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किया जाएगा। भ्रष्टाचार मुक्त शासन कांग्रेस की प्राथमिकता है।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

### जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान

जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजीव दहिया ने कहा कि शहर की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों और दिखावे के विकास से तंग आ चुकी है। कांग्रेस के शासनकाल में हुए विकास कार्यों को आज भी शहरवासी याद करते हैं। कार्यक्रम के दौरान कुलदीप खासा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सतपाल कौशिक, अशोक सरोहा, प्रदेश महासचिव राजेश सेवली, जिला सचिव अंकित मेहता सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और वार्डवासी मौजूद रहे।

## सफलता के लिए समय का पालन करें : दीपक



**गोहाना।** अगर समय का सदुपयोग करोगे तो यह आपको आबाद बना देगा और यदि इसका महत्व नहीं समझोगे और इसे व्यर्थ में गंवा दोगे तो यह आपकी बर्बादी की तकदीर लिख देगा। समय का सदुपयोग जीवन में सफलता, सुख और उन्नति की नींव है। जीवन में अचूक सफलता प्राप्ति के लिए समय का सदुपयोग आवश्यक है। ये विचार गोहाना-खरखौदा मार्ग स्थित मान इंटरनेशनल स्कूल के एमडी दीपक मान ने व्यक्त किए। वे विद्यार्थियों को जीवन में समय का महत्व समझा रहे थे। एमडी दीपक मान ने कहा कि जीवन में एक बार जो समय बीत जाता है वह दोबारा वापस नहीं आता है। इसलिए जीवन में अपनी मंजिल हासिल करने के लिए समय प्रबंधन आवश्यक है। समय जीवन के हर मोड पर नए परिवर्तन और नई चुनौतियां लेकर आता है। जो विद्यार्थी अपनी मेहनत से इन चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ जाता है वह सफलता का सुख भोगता है और जो समय के महत्व को न समझते हुए इसे व्यर्थ में गंवा देता है उसके पास पछताने के अलावा और कुछ नहीं रहता। इसलिए जीवन में समय का हमेशा सदुपयोग करें। दीपक मान ने कहा कि समय की कद्र करना ही सबसे बड़ी बुद्धिमानी है। समय का उचित उपयोग हमारे जीवन को अनुशासित और व्यवस्थित बनाता है।




## जनगणना 2027 : प्रभारी अधिकारियों (सीओ) को सीएमएमएस पोर्टल से करवाया गया अवगत

**सोनीपत।** जनगणना 2027 को लेकर जिला में प्रभारी अधिकारियों के प्रशिक्षण का शुक्रवार को दूसरा दिन रहा। जिसमें जनगणना संचालन निदेशालय, चण्डीगढ़ से आए अधिकारियों ने प्रभारी अधिकारियों को सीएमएमएस पोर्टल से अवगत करवाया। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारियों को पोर्टल पर कैसे फील्ड कार्य की निगरानी करनी है, कैसे जनगणना स्टाफ की नियुक्ति करनी है, कैसे हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाने है व अन्य विभिन्न प्रकार के कार्यों को बताया गया। इस दौरान यह भी बताया गया कि कैसे पोर्टल से हाउस लिस्टिंग ब्लॉक वाइज स्टाफ की नियुक्ति करनी है। उपनिदेशक प्रमोद कुमार ने बताया कि वर्ष 2027 की जनगणना भारत की प्रथम डिजिटल मोड में आयोजित होने वाली जनगणना होगी। इसमें मोबाइल एप और सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से डेटा का ऑनलाइन संकलन किया जाएगा। 05 मार्च से चल रही प्रशिक्षण का आज दूसरा दिन है। जिसमें प्रभारी अधिकारियों को जनगणना के कार्य को कैसे करना है, उसकी जानकारी दी गई।

# विस बजट सत्र में गूंजा सोनीपत के सुभाष स्टेडियम में खेल सुविधाएं बढ़ाने का मुद्दा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को प्रश्न काल के दौरान विधायक निखिल मदान ने सोनीपत के सुभाष स्टेडियम में खेल सुविधाओं का स्तर सुधारने और स्टेडियम के नवीनीकरण की मांग उठाई। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत शहर के मध्य में स्थित सुभाष स्टेडियम में कुश्ती, कबड्डी, बैडमिंटन व वॉलीबॉल खेलों हेतु आधुनिक इंडोर स्टेडियम बनाने की जरूरत है। खिलाड़ियों के लिए आधुनिक जिम, शौचालयों व ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है। सुभाष स्टेडियम का नए सिरे से नवनिर्माण और नवीनीकरण, एथलेटिक्स ट्रैक का बिल्कुल नये सिरे से नवीनीकरण करना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा सुभाष स्टेडियम का लेवल सड़क से 8-10 फीट नीचे है ,जिसके चलते सुभाष स्टेडियम में बरसात के समय जलभराव की समस्या बनती है। इसको समाधान हेतु स्टेडियम में मिटटी डलवाने की जरुरत है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल के दम पर पूरे विश्व में सोनीपत, हरियाणा और देश का नाम रोशन किया है।



### सरकार बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध

इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग सोनीपत द्वारा लगभग 13 करोड़ 84 लाख रुपये से सुभाष स्टेडियम में एक बहुउद्देशीय हॉल और 200 मीटर लम्बे सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक बनाने का प्रस्ताव भी पास किया जा चूका है ,जिसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इस कार्य के अंतर्गत बहुउद्देशीय हॉल में इनडोर कबड्डी, वॉलीबॉल कोर्ट और 3 बैडमिंटन कोर्ट बनाये जायेंगे। इसके साथ ही सुभाष स्टेडियम में महिला, पुरुष और दिव्यांग खिलाडियों के लिए अलग अलग शौचालयों और ड्रेसिंग रूम का निर्माण भी किया जायेगा। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार प्रदेश के खिलाडियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।


**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


**कार्यक्रम** पंडित लेखराम शहीदी दिवस एवं भगत फूल सिंह जयंती के उपलक्ष्य में गांव माहरा में आर्य महासम्मेलन

# आर्य समाज ने देश की सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था को मजबूत आधार किया प्रदान : देवव्रत

गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

पंडित लेखराम शहीदी दिवस एवं भगत फूल सिंह जयंती के उपलक्ष्य में गांव माहरा में आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया गया। गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मुख्य अतिथि के रूप में महासम्मेलन में जनसमूह को संबोधित किया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत अपने संबोधन में देश की सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान करने में आर्य समाज के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आर्य समाज ने उस समय हिंदू समाज को संगठित करने और वेदों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। आर्य समाज ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर हिंदू धर्म की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों से प्रेरित होकर मुंशीराम, जो बाद में स्वामी श्रद्धानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए, ने हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना करके गांव-गांव तक आर्य समाज के विचारों का प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने हिंदू समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर एक स्वच्छ और जागरूक समाज के निर्माण में योगदान दिया। वहीं भगत फूल सिंह की जयंती के अवसर पर उन्होंने कहा कि भगत फूल सिंह प्रारंभ में एक पटवारी थे, आर्य समाज की शिक्षाओं से प्रभावित होकर उन्होंने गुरुकुल खानपुर की स्थापना की और विशेष रूप से महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मंचासीन राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं अन्य गणमान्य

### प्राकृतिक खेती पर दिया जोर

महासम्मेलन के दौरान आचार्य देवव्रत ने प्राकृतिक खेती की महत्ता पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूरिया और डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मानव शरीर में धीमा जहर पहुंच रहा है, जिससे अनेक प्रकार की क्रॉनिक बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने किसानों और ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे प्राकृतिक खेती को अपनाएं ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों की रक्षा हो सके। उन्होंने कुरुक्षेत्र स्थित अपने 180 एकड़ के फार्म का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां देशी गाय के गोबर और गौमूत्र से तैयार जीवामृत व धन जीवामृत का उपयोग कर प्राकृतिक खेती की जा रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आर्य समाज के पदाधिकारी, किसान, ग्रामीण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## राज्यपाल देवव्रत ने किसानों एवं पशुपालकों से किया संवाद, देशी नस्ल की गायों के सुधार पर दिया बल

**राई।** राई रेस्ट हाउस, सोनीपत में गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किसानों एवं पशुपालकों के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों और पशुपालकों से संवाद करते हुए देसी नस्ल की गायों के संरक्षण, संवर्धन तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। किसानो एवं पशुपालकों से संवाद के दौरान राज्यपाल ने कहा है कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों ने उपजाऊ भूमि को बंजर बना दिया है। ऐसे में देशी गाय के गोबर और गोमूत्र से बनने वाले जीवामृत व घन जीवामृत के उपयोग से ही मिट्टी की उर्वरता बहाल की जा सकती है। नस्ल सुधार पर उन्होंने किसानों से हरियाणा नस्ल,गिर, साहीवाल, राठी, थारपारकर जैसी देशी नस्लों के संवर्धन पर जोर दिया है, ताकि दूध उत्पादन और गुणवत्ता में वृद्धि हो। उन्होंने स्वयं के 180 एकड़ के फार्म में देशी नस्ल की गायों के सुधार के जरिए उनके दुग्ध उत्पादन को बढ़ाया हैं। कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए किसानों और पशुपालकों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने देशी नस्ल की गायों की उत्पादन क्षमता को कैसे बढ़ाया जाए, व देशी नस्ल की गायों पर विशेष नस्ल संवर्धन का कार्य कर रहे किसानों से संवाद किया।

